# यूपी निवेश का बेहतर गंतव्य बन कर उभरा

## फूड एक्सपो

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतर डेस्टिनेशन बन कर उभरा है। यहां देश-विदेश की कंपनियां निवेश के लिए स्वयं आगे आ रही हैं। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक वातावरण वर्ष 2017 के पहले की स्थिति से बहुत बेहतर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया ने भारत की चमक-दमक और हनक को महसूस किया है। इससे देश की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली है। वह शुक्रवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा गोमती नगर स्थित आईआईए भवन में आयोजित तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो-2023 को संबोधित कर रहे थे।



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने फूड एक्सपो का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में काम कर रहा है। वहीं स्टाम्प व पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब उद्यमी एवं व्यवसायी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि पहली बार पांच देशों (चीन, वियतनाम, यूगांडा, उजवेकिस्तान एवं रुआंडा) द्वारा इंडिया फूड एक्सपो में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित स्टाल लगाएं गए हैं। वियतनाम इंडिया फूड एक्सपो के लिए पहली बार कन्ट्री पार्टनर के रूप में भाग ले रहा है। उन्होंने उद्योग मंत्री के समक्ष औद्योगिक भूमि को लीज होल्ड से फ्री होल्ड करने तथा मंडी शुल्क से सम्बन्धित हो रही समस्याओं को रखा। राष्ट्रीय महासचिव आलोक अग्रवाल भी रहे।

## किसानों को छूट का लाभ नहीं मिल रहा

आईआईए फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री कमेटी के चेयरमैन दीपक बजाज ने कहा कि किसानों को मंडी शुल्क का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके लिए उसे लैंड रिकॉर्ड देना अनिवार्य है। इस मौके पर आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल सहित कई पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।